इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

राष्ट्रीय हिन्दी मेल

डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

न दबाव, न भेदभाव

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रायपुर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-27 अंक-29 | www rashtriyahindimail.in | भोपाल, गुरुवार 24 नवम्बर 2022 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.50

3 शिक्षिका ने मनचले की रिपोर्ट लिखाई तो अब...

4 समता का समाज ही देश की छवि का मानक

7 शहर के आदिवासी छात्रावास...

» नेनो बीफ़

भोपाल की जिला अदालत ने फैसला सुनाया

ई-टेंडर घोटाले में 6 आरोपी दोषमुक्त

भोपाल। मध्यप्रदेश के बहुचर्चित 3 हजार करोड़ के ई टेंडर घोटाले में सभी छह आरोपियों को भोपाल कोर्ट ने बरी कर दिया है। सबूतों के अभाव में आरोपियों को बरी किया गया। बीजेपी की शिवराज सरकार के दौरान ई टेंडर घोटाला हुआ था और कमलनाथ सरकार के दौरान इस मामले में एफआईआर दर्ज की गयी थी। साल 2019 से यह मामला कोर्ट में चल रहा था। ईओडब्ल्यू ने इन सभी पर नामजद केस दर्ज किया था। कोर्ट ने माना कि ई-टेंडर के लिए डेमो टेंडर बनाया गया था, लेकिन इन्हीं लोगों ने बनाया, अभियोजन पक्ष इसे साबित नहीं कर सका। ऐसे में संदेह के आधार पर इन्हें दोषी नहीं माना जा सकता। सरकारी वकील आशीष त्यागी ने ईओडब्ल्यू की तरफ से कोर्ट में पक्ष रखा। मामले की सुनवाई स्पेशल जज संदीप कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में हुई।

आरोपियों के नाम जो हुए बरी

कोर्ट ने ई-टेंडरिंग घोटाले मामले में जिन आरोपियों को बरी किया, उनमें मध्यप्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के तत्कालीन ओएसडी नंद किशोर ब्रह्मे, ओस्मो आईटी सॉल्यूशन के डायरेक्टर वरुण चतुर्वेदी, विनय चौधरी, सुमित गोवलकर, एंटारेस कंपनी के डायरेक्टर मनोहर एमएन और भोपाल के कारोबारी मनीष खरे शामिल है। ये सब बुधवार को जिला कोर्ट में पेश हुए। इनके खिलाफ ईओडब्ल्यू ने चालान पेश किया था। ब्रह्मे की तरफ से वकील प्रशांत हरने ने बताया कि 33 गवाहों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी 6 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर सका।

3000 करोड़ के घोटाले का दावा

मप्र का ई-टेंडरिंग घोटाला अप्रैल 2018 में सामने आया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आदेश पर इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। इस बीच 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बन गई। कांग्रेस सरकार में ई-टेंडर घोटाले की जांच में तेजी आई। 10 अप्रैल 2019 को 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

गुजरात चुनाव:

कांग्रेस सरकार में राज्य में दंगे-कर्फ्यू आम थे: प्रधानमंत्री

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ताबड़तोड़ प्रचार में जुटी बीजेपी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मेहसाणा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसके लिए व्यक्ति से बढ़कर पार्टी और पार्टी से बड़ा देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के मेहसाणा में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसके लिए व्यक्ति से बढ़कर पार्टी और पार्टी से बड़ा देश है, यही हमारी संस्कृति है और हम इसी संस्कृति के साथ काम करते (शेष पेज 7 पर)

पेसा एक्ट लागू कर विकास के लिये रचा जा रहा इतिहास: शिवराज

गांव में सरकार अब गांव की चौपाल से चलेगी

भोपाल, 23 नवम्बर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू कर जनजातीय भाई-बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए नया इतिहास रचा जा रहा है। पेसा एक्ट में प्रावधान है कि ग्राम विकास की कार्य-योजना ग्राम सभा बनाएगी। ग्राम सभा की अनुमति के बाद ही ग्राम पंचायत को मिलने वाली राशि खर्च (शेष पेज 7 पर)

लका मार्ग अब....
'अमर क्रांतिकारी टंट्या भील' मार्ग

खंडवा जिले के पंधाना में हुआ पेसा जागरूकता सम्मेलन

जंगल का अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गाँव की सीमा के जंगल में होने वाली वनोपज का संग्रहण अब राज्य सरकार नहीं करेगी। ग्राम सभा यह कार्य करेगी। पेसा एक्ट के अनुसार अब ग्राम सभा वनोपज के (शेष पेज 7 पर)

जमीन का अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा एक्ट के नियमों के अनुसार अब पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड को गाँव की जमीन का नक्शा, खसरा, बी-1 नकल वर्ष में एक बार गाँव में लाकर ग्राम सभा में दिखाना (शेष पेज 7 पर)

जल का अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब का प्रबंधन ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। ग्राम सभा तालाब में मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन और सिंचाई संबंधी निर्णय लेगी। सौ एकड़ कृषि क्षेत्र में सिंचाई करने वाले तालाब का प्रबंधन का अधिकार ग्राम सभा (शेष पेज 7 पर)

आँगनवाड़ी, राशन दुकान, स्कूल के निरीक्षण का अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा एक्ट में आँगनवाड़ी, राशन दुकान, स्कूल, आश्रम, छात्रावास के निरीक्षण और उचित संचालन का इंतजाम करने का अधिकार ग्राम सभा को होगा। इसके लिये वह समिति गठित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ-बेटी का सम्मान हमारे लिये सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुराचारियों के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। हर महीने लाखों युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ा जा रहा है। अगले एक वर्ष में एक लाख सरकारी पदों में भर्ती की जायेगी। गरीब परिवार के बच्चे भी (शेष पेज 7 पर)

बुरहानपुर मोहब्बत का सेंटर, बीजेपी ने मप्र में 20-25 भ्रष्ट विधायक खरीदकर सरकार बनाई

हम जीते, भाजपा ने विधायक ही खरीद लिए: राहुल

बुरहानपुर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश पहुंच चुकी है। वहीं यात्रा में शामिल होने प्रियंका गांधी मध्यप्रदेश पहुंच चुकी हैं। यहां वे बुरहानपुर जिले से भाई राहुल की यात्रा में शामिल होंगी। कहा जा रहा है कि यात्रा में प्रियंका सभा को संबोधित भी कर सकती हैं, साथ ही महिलाओं से भी मुलाकात करेंगी। एमपी में भारत जोड़ो यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बुरहानपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में शाम को हुई सभा में कहा कि मध्यप्रदेश में हम चुनाव जीते थे। हमारी सरकार थी। बीजेपी ने करोड़ों रुपए देकर 20-25 भ्रष्ट विधायकों को खरीद लिया और सरकार बना ली। राहुल गांधी ने कहा कि बुरहानपुर मोहब्बत का सेंटर है। ये बात आप हिंदुस्तान को हजारों सालों से कह रहे हो। हम मोहब्बत के इस मैसेज को श्रीनगर (शेष पेज 7 पर)

युवाओं को डराने के लिए नोटबंदी की

राहुल गांधी बोले – युवा रोजगार चाहता है। रोजगार छोटा व्यापारी देता है। छोटे-छोटे मिडिल साइज बिजनेस देता है। ये रोजगार, पब्लिक सेक्टर से मिलता है। अब इन्होंने युवाओं को डराने के लिए नोटबंदी और जीएसटी लागू किया। छोटे व्यापार खत्म हो गए। रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। एमपी में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता। नोटबंदी, जीएसपी पॉलिसी नहीं, बल्कि हथियार हैं।

किसानों के दिल में डर भर दिया

राहुल गांधी ने कहा कि किसी ने मुझे कहा- मैं 2000 किलोमीटर चला। ये मुश्किल काम नहीं है। किसान जिंदगी में 30 से 40 हजार किलोमीटर चलता है। असली काम वो करता है। उसे क्या जरूरत होती है। उसे बीज नहीं मिलता, फर्टिलाइजर के दाम दोगुने हो जाते हैं। किसान के दिल में डर भर दिया। 24 घंटे काम करता है। सुबह 4 बजे उठता है। आधी रोटी खाता है, फिर जब उसका फसल बेचने का समय आता है। दिल्ली में बैठे लोग एमएसपी गिरा देते हैं। राहुल गांधी ने कहा- सभी संस्थाओं (शेष पेज 7 पर)

बीजेपी ने डर, नफरत और हिंसा का माहौल बनाया

राहुल गांधी ने कहा – हमें लगा कि हिंदुस्तान में नफरत, डर और हिंसा का माहौल बीजेपी के लोगों ने बना दिया है। जनता की आवाज, किसानों की आवाज, छोटे व्यापारियों और मजदूरों की आवाज हो, हमने पहले इसे राज्यसभा, लोकसभा में उठाने की कोशिश की। किसानों के तीन काले कानून आए। पीएम ने नोटबंदी की। आप किसी भी छोटे व्यापारी से पूछो, आज मैं उनके साथ चल रहा था, उनके सारे बिजनेस बंद हो गए। 5 अलग-अलग जीएसटी, 28ब तक टैक्स लागू करके बाकी को भी उड़ा दिया।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयन प्रक्रिया प्रारंभ

भोपाल। मध्यप्रदेश में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022' का आगाज 31 जनवरी से 11 फरवरी 2023 तक 8 जिले भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, बालाघाट, मंडला और खरगोन में होगा। इसकी तैयारियाँ जोरों पर हैं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 5वें संस्करण के सफल आयोजन में सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा, इसमें वॉलंटियर्स की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि हमने ये निर्णय लिया है कि प्रदेश के सभी 8 जिले, जहाँ पर खेलो इंडिया गेम्स के इवेंट निर्धारित हैं, में 18-25 आयु वर्ग के लगभग 2000 विद्यार्थी वॉलंटियर्स के रूप में अपनी सेवाएँ देंगे। इसके लिए 22 से 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। एक से 5 दिसंबर के मध्य विद्यार्थियों का संबंधित रजिस्ट्रार एवं प्राचार्य द्वारा सत्यापन किया जायेगा।

मैं किसी से नहीं डरता: भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ से संजय सिंह राजपूत



छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल के दौरान राजनीति में मैंने बहुत बड़ी कीमत चुकाई है, कई झूठे मामलों में मुझे फंसाया गया, कई तरीके के जांच की गई। मेरे परिवार को भी थाने में बिठाया गया। यहां तक कि मां को भी थाने में घंटों बिठाया गया। यह बात कहते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आंख भर आई और अपने आप को संभालते हुए उन्होंने कहा कि इतना सब कुछ होने के बाद मैं किसी से डरता नहीं... । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को राजनांदगांव प्रवास के दौरान मीडिया से कही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने पिछले 15 साल में लगातार कांग्रेस के नेताओं को प्रताड़ित किया, मुझे और मेरे परिवार को कई झूठे मामलों में फंसाया गया। मेरी पूरी संपत्ति की जांच की गई। मां कभी थाने नहीं गई उन्हें घंटों थाने में बिठाया गया ऐसी कई बड़ी कीमत मैंने चुकाई है, मैं डॉक्टर रमन सिंह और भाजपा के हथकंडे से डरता नहीं हूं। बघेल ने कहा, आज भी मेरे खिलाफ कई तरीके से दुर्भावनापूर्ण प्रचार किए जाते हैं। उन्होंने कहा इन सब बातों से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता और ना ही मैं रमन सिंह और भाजपा से डरता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार डर की राजनीति कर रही है। लगातार राज्य में ईडी भेज कर अधिकारियों और कर्मचारियों और कांग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है, डॉ रमन सिंह जब भी दिल्ली जाते हैं, तो कोई ना कोई जांच का मामला छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी नेताओं पर ठोक दिया जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में पहले भी वे आकर कांग्रेस का प्रचार कर चुके हैं और उसकी कीमत भी चुका चुके हैं। उन्होंने कहा कि रमन सिंह आज भी उन्हें चूहा-बिल्ली-कुत्ता कहकर संबोधित करते हैं। यह उनकी सामंती प्रवृत्ति को दिखाता है। बघेल ने कहा कि मैंने कभी रमन सिंह के खिलाफ अनर्गल बातें नहीं कहीं, यह उन्हें ही शोभा देता है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं और किसान का बेटा आज मुख्यमंत्री बन कर किसानों के लिए काम कर रहा है रमन सिंह को जितना अड़चन पैदा करना है करें, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओम माथुर के लगातार आ रहे बयान को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि ओम माथुर पूरी तरीके से कन्फ्यूज्ड है, एक और वह कहते हैं कि कांग्रेस चुनौती नहीं है और दूसरी ओर कार्यकर्ताओं को युद्ध की तरह चुनाव लड़ने की अपील करते हैं अगर कांग्रेस को चुनौती नहीं मानते तो वह क्यों भाजपा कार्यकर्ताओं से आने वाले चुनाव को युद्ध की तरह लड़ने को कह रहे हैं ओम माथुर अपनी ही बातों पर फंसते नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में अधिक बिजली बिल आने की शिकायतों पर कहा कि महंगी बिजली का सबसे बड़ा कारण महंगा कोयला है, जो कोयला देश में रुपए 4000 में मिलता था, उसे अब केंद्र सरकार रुपए 18000 में खरीद रही है और किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि देश में कोयला का कारोबार करने वाले व्यापारी कौन है, जिन्हें फायदा पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार काम कर रही है।

मिसाइल अग्नि-3 का सफल ट्रेनिंग भारत में हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि -3 का बुधवार को सफल ट्रेनिंग लांच किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह सफल परीक्षण सामरिक बल कमांड के तत्वावधान में किए गए नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च के अंतर्गत किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, लॉन्च एक पूर्व निर्धारित सीमा के लिए किया गया था और सिस्टम के सभी परिचालन मापदंडों को मान्य किया गया था।

बेहद खास है ये मिसाइल

गौरतलब है कि अग्नि-3 परमाणु क्षमता युक्त स्वदेशी मिसाइल है। यह मिसाइल 3500 किलोमीटर दूरी तक सटीक निशाना भेदने की क्षमता रखती है। इसकी जद में पूरा पाकिस्तान और आधा चीन आता है। इस मिसाइल की साइज भी बहुत ज्यादा है। इसकी लंबाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। जो एक सेकेंड में पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। 50 टन वजन वाली मिसाइल में दो चरणों वाला इंजन लगा है जो ठोस ईंधन से चलता है। यह मिसाइल अपने साथ 1.5 टन का हथियार ले जाने में सक्षम है।

बड़े-बड़े लोगों की बातें

हटने के डर से राहुल-प्रियंका किसी को नहीं छोड़ते वीडी

मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के उन बड़े नेताओं में सबसे ऊपर है, जो कांग्रेस की सुप्रीमों सोनिया गांधी सहित राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ यदि किसी ने आधी रात को बयान देने के लिए कहा तो सोते-सोते बिस्तर से उठकर भी बयान दे जाये तो आश्चर्यजनक कोई घटना नहीं होगी। मामला उत्तर प्रदेश का हो, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक से निकलकर महाराष्ट्र चली जाये या फिर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने पार्टी के नेता की अगवानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने की अपील करे, तो भी विष्णुदत्त शर्मा कांग्रेस के अपने कार्यक्रमों को भी टारगेट में ले लेते है। हाल ही में कांग्रेस के विधायक पूर्व मंत्री उमंग सिंगार पर उनकी पत्नी ने घरेलु हिंसा का आरोप लगाया और प्रकरण दर्ज हुए तो विष्णुदत्त शर्मा उबल पड़े। उबल पड़े यहां तक तो मामला ठीक-ठाक था, लेकिन जब पंडित जी ने अपने बयान का गदा कांग्रेस की 75 वर्षीय अर्द्ध बीमार नेता श्रीमती सोनिया गांधी से, उमंग को लेकर कार्रवाई की मांग कर डाली, तो भाजपा मुख्यालय में हर कक्ष में विष्णुदत्त शर्मा के बयान की चर्चा की आड़ में यह बात उभरकर सामने आई है कि मामला कुछ और है। सूत्रों का कहना है कि विष्णुदत्त शर्मा अपने सक्रियता और पार्टी के प्रति आस्था को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर बार-बार आरोप लगाकर इसलिए सुर्खियों में आते हैं, क्योंकि उन्हें डर है पार्टी हाईकमान 2023 के विधानसभा के चुनाव के पहले प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त ना कर दे। इसलिए बयान दो नंबर बढ़ाओ और पार्टी अध्यक्ष बने रहो का फार्मूला वीडी भाई ने अपना लिया है... । संदीप नेपोलियन..

वन विभाग में 1772 वनरक्षकों की भर्ती करेगी सरकार

भोपाल। मध्य प्रदेश में एक लाख कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। इसी कड़ी में वन विभाग में 1772 वनरक्षक, 37 स्टेनो टाइपिस्ट, 30 मानचित्रकार और 87 सहायक ग्रेड-तीन (लिपिकों) की भर्ती की जा रही है। शासन ने इन पदों को मंजूरी दे दी है। अब इस भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए जाएंगे। उधर, संविदा, स्थाईकर्मी और कम्प्यूटर आपरेटरों ने विरोध दर्ज करा दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त मौका दिए बगैर सीधी भर्ती से पद भरे जा रहे हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी (शेष पेज 7 पर)

तीन विशेष पुलिस महानिदेशक बनेंगे

हफ्ते भर के भीतर 60 आईपीएस होंगे तितर-बितर

मध्यप्रदेश की पुलिस सेवाओं में धीमी गति से पदोन्नति, तबादले तथा रिक्त पदों को भरे जाने की परम्परा अब विभाग की कार्यशैली में परिवर्तित हो चुकी है। फिर भी मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा दोनों इस बात के लिए एकजुट है कि पुलिसवालों का खयाल होते रहना चाहिए, क्योंकि राजनीति हो या प्रशासन पुलिस वालों के बिना अधूरे हैं। इसी अवधारणा के चलते मुख्य सचिव ने मध्यप्रदेश के स्थाई आदेश नहीं होने से रूष्ठ पुलिस महानिदेशक डॉ. सुधीर सक्सेना को समझाया है कि, खाली पदों को जल्दी-जल्दी भरो भाई, तबादलो को होते रहने दो क्योंकि पुलिस महकमा एकमात्र विभाग है, जहॉ तबादलों पर प्रतिबंध नहीं लगता। इसी श्रृंखला में सबसे पहले रिक्त पड़े विशेष पुलिस महानिदेशक के तीन पदों को इस हफ्ते भर दिया जाएगा। विशेष पुलिस महानिदेशक के खाली तीन पदों में सबसे पहले पुलिस प्रशिक्षण दूसरे नंबर पर सशस्त्र पुलिस बल तथा तीसरे नंबर पर पुलिस गृह निर्माण मण्डल के विशेष पुलिस महानिदेशक के पद को भरा जाएगा। यदि पदोन्नति, तबादले और विभागीय जाँचो को समय से पूरा करने के लिए मुख्य सचिव ने पुलिस महानिदेशक डॉ. सुधीर सक्सेना को तेज गति से निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अवधारणा से अवगत करा दिया है। सूत्रों के अनुसार हफ्ते भर के भीतर 60 से अधिक भारतीय पुलिस सेवा के 2005 बैच, 2009 बैच और 2010 बैच को मिलाकर 50 से अधिक आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति मिलेगी। इस उलटफेर में 14 से अधिक पुलिस अधीक्षकों को बदल दिया जायेगा। समझा जाता है कि, 2023 के विधानसभा चुनाव को फतेह करने के लिए मुख्यमंत्री ने मैदानी स्तर पर जिन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का मन बनाया है, उनमे वे जिले सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है जहॉ के पुलिस अधीक्षक जनवरी के प्रथम सप्ताह में उप-पुलिस महानिरीक्षक बन जाएंगे और ऐसे जिले वे है जहॉ पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने अपना ग्राफ बनाया है और आम आदमी पार्टी ने भी कुछ जगह घेराबंदी कर ली है। इस विशेष रिपोर्ट का लब्बोलुआब यह है कि, हफ्ते भर के भीतर 60-65 भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की पदोन्नति और तबादलो पर शिवराज सरकार मुहर लगा दे तो चौंकिएगा मत.....।

विशेष रिपोर्ट
विजय कुमार दास
मो. 9617565371

विशेष रिपोर्ट के लेखक इस पत्र समूह के प्रधान संपादक हैं।

साबरमती सा बनेगा हरदा की अजनाल का रिवर फ्रंट: पटेल

भोपाल। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि हरदा की अजनाल नदी के रिवर फ्रंट को साबरमती रिवर फ्रंट की तरह ही विकसित किया जायेगा। उन्होंने प्रस्तावित रिवर फ्रंट के लिये हरदा गुप्तेश्वर मंदिर के पास नदी तट का स्थल निरीक्षण किया। कृषि मंत्री पटेल ने बताया कि अजनाल नदी के तट पर लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा रिवर फ्रंट विकसित किया जायेगा। नदी का गहरीकरण किया जाएगा। तट का सौंदर्यीकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि नदी के गहरीकरण और रिवर फ्रंट विकसित करने के लिये सर्वे कार्य जारी है। मंत्री पटेल ने (शेष पेज 7 पर)

प्रस्तावित रिवर फ्रंट के लिये किया स्थल निरीक्षण

रेलवे अफसरों को दिये निर्देश

मंत्री पटेल ने बुधवार को हरदा सर्किट हाउस में रेलवे अफसरों को पीत्याखाल में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने खिरकिया शहर, भिरंगी, कमताड़ा-मसनगाँव-सिराली और हरदा बायपास पर बनने वाले आरओबी के निर्माण (शेष पेज 7 पर)